प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 10.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ्य और पोषण का जिक्र करते हुए मिलेट्स के बारे में चर्चा की। उन्होंने पोषण और सेहत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बीमारी न होना स्वस्थ होने के बराबर नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि नींद पोषण पर निर्भर करती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि चिकित्सा विज्ञान नींद के महत्व को पहचानता है। उन्होंने छात्रों को सुबह की धूप में समय बिताने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को दबाव से निपटने के उपाय बताये। उन्होंने स्वीकार किया कि कम ग्रेड आना, अक्सर घर पर तनावपूर्ण माहौल बना देता है। उन्होंने छात्रों को इस दबाव पर तनाव लिए बिना तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी।

....................

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल और शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया गया। इस संस्करण में, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग छत्तीस छात्रों को सीधे प्रधानमंत्री से बातचीत करने के लिए चुना गया। प्रदेश में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवस्थाएं की गई।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ये कार्यक्रम जयपुर के मानसरोवर के कावेरी पथ स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ देखा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किये। इस बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सात व्यावहारिक एपिसोड होंगे, जिसमें जीवन और सीखने के आवश्यक पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियाँ एक साथ आएंगी।

....................

और अब महाकुंभ से जुडी खबरें–

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सुबह महाकुंभ पहुंचीं। प्रयागराज पंहुचने पर हवाईअड्डे पर उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी अगुवानी की। इसके बाद राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में स्नान और पूजा अर्चना की। श्रीमती मुर्मू डिजिटल महाकुंभ अनुभव केन्द्र में आधुनिक तकनीक के जरिए महाकुंभ के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करेंगी। महाकुंभ में अब तक 43 करोड़ से अधिक श्रद्धालु और तीर्थयात्री त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

....................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न सड़क हादसों में 6 लोगों की मृत्यु हो गई। जयपुर के रेनवाल में हुए हादसे में आज सुबह दो कारों की आमने–सामने की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को रेनवाल के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थानाधिकारी ने बताया कि हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को सड़क किनारे हटाकर यातायात सुचारू किया। इधर कोटा से गुजर रहे दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गये। कार सवार सभी लोग उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर सीकर लौट रहे थे। घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाली के नया गांव मार्ग स्थित 72 फीट बालाजी के पास कल रात एक ट्रेलर और मोटरसाईकिल की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार एक महिला और उसके दो बच्चों की मौके पर मृत्यु हो गई। हादसे में महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिले के राजकीय बांगड़ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

....................

जैसलमेर में चल रहे मरू महोत्सव के दूसरे दिन आज लोक संस्कृति के अनूठे रंग देखने को मिल रहे है। सोनार दुर्ग स्थित अराध्य देव श्री लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गडीसर सरोवर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजे धजे ऊंट, लोक कलाकार की प्रस्तुतियां, सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शहर के मुख्य मार्गों से निकली  शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

...................